तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



12 एनएचएम कर्मियों के आंदोलन से स्वास्थ्य...





12 छात्रावास में औषधीय पौधों का प्रदर्शन व योगाभ्यास...




## खबर संक्षेप



### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में देह व नेत्र दान की दी प्रेरणा

**चारामा।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार थीम पर आयोजित जनजागरण का कार्यक्रम रानी दुर्गावती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में हुआ, जिसमें मितानिन स्टॉफ, नर्स वार्ड व नगर के माता बहने उपस्थित हुए, जिन्हें वार्ड पार्षद उत्तम साहू द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई, वही युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित कर नेत्र दान व देह दान के विषय में अपने विचार साझा किए। स्वास्थ्य से संबंधित संपूर्ण जानकारी खंड चिकित्सा अधिकारी ओपी शंखवार द्वारा दी गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज, अजय पंजवानी, राजू सोनी उपस्थित रहे।

### झारखंड के विक्षिप्त व्यक्ति को परिजनों के किया सुपुर्द



**कांकेर।** थाना ताड़ोकी पुलिस को 17 सितंबर को जानकारी मिला कि कोई अज्ञात संदिग्ध व्यक्ति विक्षिप्त स्थिति में खेत जंगल किनारे हवेचुर 2 दिनों से घूम रहा है। पुलिस द्वारा मामले का तस्दीक किया गया। ग्राम हवेचुर खेत जंगल किनारे उक्त व्यक्ति अर्धनग्न स्थिति में घुम रहा था। नाम पता पूछने से व्यक्ति द्वारा अपना नाम नेहमिया मुण्डु जिला खुंटी राज्य झारखण्ड का होना बताया। कपड़ा पहनाकर पानी एवं नाश्ता दिया गया। गुम व्यक्ति नेहमिया मुण्डु को थाना लाया गया व उसके परिजन से संपर्क कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### लापरवाही : सड़क निर्माण की गिट्टी के लिए ब्लास्टिंग से पहाड़ का सौंदर्य हो जाएगा नष्ट

# पहाड़ पर ब्लास्टिंग से दुधावा डेम को खतरा, घरों के खिड़की-दरवाजों में कंपन एवं दीवारों में दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतमाला योजना के तहत बन रही सड़क के ठेकेदार को नियमों को ताक में रखकर दूधावा डेम के मध्य में खड़े पहाड़ से गिट्टी निकालने की परमीशन दे दिया। ठेकेदार के द्वारा जब पहाड़ में ब्लास्ट किया जाता है तो डेम की मेड़ हिल जाती है, यहाँ तक रेस्ट हाउस के खिड़कियों के कांच हिल जाते है। दुधावा के लोगों का कहना है कि ब्लास्ट से कई घरों में दरारे भी आ चुकी है, इसके अलावा डेम के मध्य में हरा भरा दिखने वाला पहाड़ उजाड़ हो गया है।

जानकारी के अनुसार भारतमाला योजना के तहत सड़क बना रहे ठेकेदार को नियमों को ताक में रखकर जल संसाधन विभाग के अधिग्रहण में रहने वाले पहाड़ से गिट्टी तोड़ने का परमीशन दे दिया गया, जिससे पहाड़ और डेम की सुंदरता पर बाट लगना तय है, इसके अलावा ब्लास्ट किए जाने से दुधावा डेम पर खतरा मंडराना तय है। हरिभूमि टीम के सामने एक ब्लास्ट हुआ और उसकी धमक इतनी तेज थी कि विश्राम गृह की खिड़किया हिल गई और लाईट बंद हो गई। इसके बारे में विश्राम गृह में बैठे ग्रामीणों और विश्राम गृह के कर्मचारियों से बातचीत किया तो उनका कहना था कि सड़क बनाने वाले जब चाहे ▶▶| शेष पेज 10 पर

**खास बातें**

- ग्रामीणों का कहा- भीषण ब्लास्ट से बढ़ी परेशान, जानो माल के लिए खरतनाक
- स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कहा-जिम्मेदार विभाग से शिकायत की, पर कार्रवाई नहीं



### खिड़की और डेम का पाथवे हिला

पहाड़ के ब्लास्ट होने से जल संसाधन विभाग के विश्राम गृह के कमरों की खिड़कियाँ ऐसी हिली जैसे भूकंप आ गया हो। यहाँ के कर्मचारियों का कहना है कि हम लोग सदैव डरते रहते है कि कहीं खिड़कियों के कांच न टूट जाएं। कई बार टेबल पर रखे गिलास गिरकर टूट चुके है। हम लोग छोटे कर्मचारी है, यह शिकायत किसें बताएं। ग्रामीणों ने बताया कि पाथवे तक ब्लास्ट से हिल जाता है, यहाँ तक जो पत्थर लगे है, वो भी हिल जाते है।



### सड़क पूरी तरह जर्जर

*भारतामाला सड़क बनाने के चक्कर में गांव की प्रमुख सड़क पर ऐसे भारी वाहन इस ईलाके में मटेरियल लेकर पहुँचे, जिससे सड़क वजन नहीं सह सकती थी और परिणाम यह हुआ कि इस ईलाके की अधिकतम सड़कों की हालत दयनीय हो गई और हर चार कदम पर केवल गड्ढे नजर आ रहे है, सड़क तो पूरी तरह गायब हो चुकी है। सरोना से दुधावा, सालेटोला से बासनवाही और सालेटोला से जामगांव वाली सड़क पूरी तरह से गायब हो चुकी है।*

### जिम्मेदार कर्मचारी नदारद

रूद्री डेम के अनुविभागीय कार्यालय में गुरूवार 18 को एक भी अधिकारी नजर नहीं आया, जिससे इस पहाड़ को खोदने की परमीशन किसने दे दिया, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। खनिज विभाग से इस मामले में संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु संपर्क नहीं हो पाया। प्रभावित गांव के लोगों को जानकारी नहीं है कि डेम के मध्य के पहाड़ को खोदने की परमीशन किसके द्वारा दिया गया, यह पता नहीं चल पाया है।

## कोकपुर शिविर में 91 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोकपुर के रामायण मंच में गुरुवार को ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य लाभ के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 90 से अधिक ग्रामीणों ने मलेरिया, टाईफाईड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी जैसे इत्यादि बीमरियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इसके अलावा ग्रामीणों को निःशुल्क दवाई, गोली, सिरप वितरण किया एवं स्वास्थ्य जागरुगता की भी जानकारी दिया।

आयोजित शिविर में सबसे पहले ग्राम की सरपंच निषा दुग्गा ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। सरपंच ने बताया कि सामुदायिक रुप से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर हमारे ग्राम में लगाया गया। इस शिविर में



गर्भवती माताओं व शिशुवती माताओं को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। उपसरपंच चुनेश्वर जैन ने बताया कि ग्राम में ऐसे आयोजन होना चाहिए, जिससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद हो। इस शिविर से हर वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा और भविष्य में ऐसा और आयोजन होता है, तो इसमें पूरे ग्रामवासियों ▶▶| शेष पेज 10 पर

## साइड नहीं देने पर विवाद, मारपीट और दी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बांदे थानांतर्गत सड़क पर चलने के दौरान साईड नही देने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद धीरे धीरे मारपीट में बदल गया और आरोपी युवक ने दूसरे युवक के साथ जमकर मारपीट किया। मारपीट से घायल हुए युवक ने थाना बांदे में शिकायत किया, वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया।

- आरोपी के खिलाफ अपराध कायम, विवेचना प्रारंभ

थाना बांदे में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 76 कृष्णनगर निवासी 35 वर्षीय संजीत हलदार पिता सुखरंजन हलदार ने पुलिस को बताया कि 18 सितंबर को सुबह करीबन 7 बजे मेरा भतीजा सुजन हलदार पिता सुकुमार हलदार अपनी मोटर सायकल से अपने घर आ रहा था। वाहन चलाते समय रोड में साइड नही देने की बात को लेकर



विवाद हुआ, तब मैं नीलकंठ टीकेदार के घर के सामने पीव्ही 76 के पास गया, वहाँ पर संजीत गाईन मिला तो उसे मैं बोला कि तुम मेरे भतीजा सुजन हलदार को साईड क्यों नहीं दे रहे थे और गाली क्यों दिए हो। ऐसा बोलते ही संजीत गाईन गुस्सा में आकर गाली देने लगा। मैने गाली देने से मना किया, तो कहने लगा कि तुम लोगों को जान से मार दूंगा, ऐसा बोलते हुए हाथ, मुक्का से मुझे मारपीट करने लगा। मारपीट से दाहिना कंधा, बांए आंख के पास चोटे आया है। मारपीट को देखकर बीच बचाव के लिये आए मेरे भतीजा ▶▶| शेष पेज 10 पर

**विधायक निवास अंगना पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष का हुआ जोशीला स्वागत**

## वोट चोरी का आरोप कांग्रेस की अशोभनीय हरकत : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव ने कहा है कि जिस तरह से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 11 वर्षों से काम कर रहे है उसका ही नतीजा है कि आज विश्व के पटल पर भारत की पहचान बनी है। हम कभी विश्व के जीडीपी में ग्यारहवें नंबर पर थे और आज चौथे नंबर पर। आने वाले साल भर के भीतर अमेरिका और चीन के बाद आर्थिक शक्ति रूप से शक्तिशाली बन जाएंगे। आज कांकेर विधायक आशाराम नेताम के कार्यालय अंगना में किरण देव पहुंचे थे। जहां पर विधायक एवं उनके समर्थकों ने मांदरी नृत्य के साथ उनका स्वागत किया।

अंगना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश में वोट चोरी का आरोप लगाने वाली कांग्रेस पहले अपने गिरेबान में झांककर देखे। राहुल गांधी को दूसरे के ऊपर आरोप लगाने का कोई



अधिकार नहीं है। नरेंद्र मोदी ऐसे प्रधानमंत्री है जो हर वर्ग के लोगों के लिए योजना बनाते है। जिसका लाभ हर जाती, धर्म और हर वर्ग के लोगों को मिलता है। जिस तरह से पहलगाम में आतंक वादियों ने हमारी माता बहनों का सिंदूर उजाड़ा था उसका जवाब कैसे दिया गया यह हर देशवासी ने देखा है। सेना को खुली छूट दी गई और सैकड़ों आतंकवादी नेस्तनाबूत हो गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विष्णु देव जी की सरकार सफलता पूर्वक कार्य कर रही है। आज मजदूर,किसान, जवान सभी में खुशहाली है। यूरिया के बढ़ते दाम के सवाल पर उन्होंने कहा कि यूक्रेन और रूस के युद्ध के कारण यह स्थिति निर्मित हुई थी जिसके चलते हमारी सरकार ने किसानों के लिए नैनो यूरिया का विकल्प रखा है। एनएचएम कर्मचारियों के हड़ताल के संबंध में उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की अधिकतर मांगे पूरी कर ली गई है। शेष मांगों पर भी निर्णय ले लिया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान विधायक आशाराम नेताम, नगर पालिका ▶▶| शेष पेज 10 पर

## स्वच्छ भारत की परिकल्पना पर बनाई मानव श्रृंखला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई लच्छन सिंह ठाकुर शाउमावि लारगांव मरकाटोला में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 17 सितंबर को भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार कोर्राम के नेतृत्व में वॉलिंटियर्स ने मानव श्रृंखला से प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत सुन्दर भारत की परिकल्पना को और महात्मा गांधी के स्वच्छता अभियान जैसे रचनात्मक कार्यक्रम को सांकेतिक रूप



से विद्यालय कैंपस में चलाया गया। प्राचार्य कृष्णा करायत, यतीशचन्द्र शुक्ल ने एजेंडा अनुसार कार्ययोजना बनाने की बात को साझा किया। कार्यक्रम में महादल नायक मिलन हुर्रा, महादल नायिका लिशा ठाकुर, गितांशु जुर्री, विजय मण्ड़ावी, प्रतिक नेताम, समीक्षा तांडी, सोनल साहु, विनायक मण्ड़ावी, आकाश नेताम, हुलेश्वरी मरकाम इत्यादि वॉलिंटियर्स का योगदान रहा।

### मांडाभर्री में आज छत्तीसगढ़ी नाचा

**बासनवाही।** ग्राम मांडाभर्री में कलार समाज के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पितर पक्ष में मानपुर दर्रा जिला राजनांदगांव का छत्तीसगढ़ी सतरंग नाचा पार्टी फूल कॉमेडी का आयोजन आज 18 सितबंर शुक्रवार को होगा। कार्यक्रम के आयोजन कर्ता कलार समाज मांडाभर्री के युवाओं ने तैयारी में लगे हुए है और गांव गांव जाकर प्रचार प्रसार कर रहे है।

## बाइक की ठोकर से सायकिल चालक की मौत, रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर।** अंताागढ़ थानांतर्गत मद्रासीपारा के पास सड़क दुर्घटना में एक सायकल चालक की मौत हो गई थी, विवेचना के उपरांत पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल चालक के खिलाफ पुलिस द्वारा धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार 8 अप्रैल को मोटर सायकल का चालक अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए शोभी राम को टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया था। गंभीर चोट आने की वजह से उसको अस्पताल ले जाया



गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गया। अंतागढ़ थानांतर्गत ग्राम पंचायत नवागांव के पास 30 मई को दोपहर डेढ़ बजें सड़क दुर्घटना में मौत होने के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया था और विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि आरोपी मोटर सायकल चालक की टक्कर से मृतक को गंभीर चोट आया, जिसके कारण उसका मौत हो गया। पुलिस ने विवेचना में पाया कि वाहन चालक की लापरवाही के कारण हादसा हुआ है। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कलेक्टर ने बासनवाही लैंपस में ग्रामीणों से किया संवाद

# पाश मशीन से राहत, चावल, शक्कर व गुड़ लेने में मिली सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड नरहरपुर के दुधावा क्षेत्र में बासनवाही लैंपस में चांवल, शक्कर और गुड़ लेने के लिए बैठे ग्रामीणों से कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने संवाद किया और पूछा कि एक किलो शक्कर का कितना पैसा देते हो, ग्रामीणों ने संतुष्टपूर्ण जवाब दिया और बताया कि अब पाश मशीन ठीक है और ज्यादा समय इंतजार नहीं करना पड़ता है। इसके अलावा बासनवाही के पास 2.8 किमी लंबी बन रही सुरंग का स्थल निरीक्षण और अवलोकन

- ग्रामीणों ने कहा- राशन मिलने में नहीं लगाता अब ज्यादा समय



किया और साथ ही संबंधित निर्माण एजेंसी से सुरंग के संबंध में तकनीकी जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी एवं एसडीएम अरूण वर्मा भी साथ में रहे। जिले में चल रहे विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का कलेक्टर ने मेलाभाटा के समीप लगभग 60 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन सखी वन स्टॉप सेंटर के लिए प्रस्तावित स्थल का मौका मुआयना किया। उन्होंने आसपास के जर्जर हो चुके शासकीय और निष्प्रयोज्य आवासीय भवनों का डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए। वहीं समीप में बन रहे इनडोर स्टेडियम का कलेक्टर ने निरीक्षण किया और पूरी गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य समय पर पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। तदोपरांत उन्होंने शहर के बाहर मनकेसरी ग्राम के पास नगरपालिका के ट्रेंचिंग ग्राउंड वेस्ट डंपिंग सेंटर का निरीक्षण किया। इसके पश्चात कलेक्टर ने नरहरपुर ब्लॉक के दुधावा क्षेत्र में भारतमाला परियोजना के तहत निर्माणाधीन सड़क और वृहत सुरंग का अवलोकन व निरीक्षण किया। इस अवसर पर निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि ने बताया कि हमारी कंपनी के द्वारा परियोजना के तहत जिले में 24.66 किमी लंबी सड़क का निर्माण किया जा रहा है, इसमें 2.8 किमी लंबी सुरंग भी शामिल है। उन्होंने बताया कि इसका निर्माण निर्धारित ▶▶| शेष पेज 10 पर



### सेल्समैन को मूल्य सूची प्रदर्शित करने का निर्देश

*कलेक्टर ने ग्राम बासनवाही में पीडीएस सेंटर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां राशन लेने आए ग्रामीण गिरधारी, ग्राम कोटलभट्टी के बुजुर्ग चरण सिंह नेताम और गाड़ाराय से पूछा कि प्रत्येक माह राशन समय पर मिलता है अथवा नहीं, इस पर ग्रामीणों ने बताया कि चांवल, नमक और शक्कर प्रतिमाह निर्धारित मात्रा में मिल जाता है। ग्रामीणों से मिलने वाली सामग्री का रेट भी पूछा। कलेक्टर ने सेल्समैन चंद्रभान को मूल्य सूची का प्रदर्शन करने, सही दर पर ग्रामीणों को राशन देने तथा बुजुर्ग ग्रामीणों को प्राथमिकता के साथ राशन प्रदाय करने के निर्देश दिए और साथ ही खाद्य निरीक्षक को इस क्षेत्र के पीडीएस केंद्रों का सतत और नियमित रूप से सतत जांच करने हेतु निर्देशित किया।*

## आत्मा योजना अंतर्गत दुर्गूकोंदल में मूंग और उड़द फसल का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम दुर्गुकोंदल और दियागांव में आत्मा योजना के तहत मूंग और उड़द फसल प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर किसानों को उन्नत बीजों का निःशुल्क वितरण कर बीजोपचार एवं बुवाई की विधि संबंधी जानकारी दी गई।

दुर्गुकोंदल में कृषक लालजी राम के खेतों में मूंग फसल किस्म आईपीएम 205-7 विराट का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रति एकड़ 8 किग्रा बीज का निःशुल्क वितरण कर बीजोपचार की जानकारी दी गई। इसी प्रकार ग्राम दियागांव में कृषक देवीराम के खेतों में उड़द फसल प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर किसानों को किस्म इंदिरा उड़द प्रथम का प्रति एकड़ 8 किग्रा बीज निःशुल्क प्रदान कर बीजोपचार और बुवाई की प्रक्रिया समझाई गई और साथ ही दलहनी फसलों के महत्व एवं उनके पोषण तथा आर्थिक लाभों पर भी प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात किसानों की सहभागिता से बुवाई कार्य भी करवाया गया। कार्यक्रम में बलवंत बघेल ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### श्री विश्वकर्मा की धूमधाम से निकाली विसर्जन यात्रा

**चारामा।** भगवान विश्वकर्मा जंयती पर राजमिस्त्री मजदूर युनियन चारामा पंजीयन क्रमांक 148 के द्वारा हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना कर पुजा अर्चना कर हर्ष उल्लास के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया। 18 सितबंर को भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति को नगर भ्रमण कर नैनी नदी में विसर्जन किया गया, जिसमें अध्यक्ष जगमोहन उसेंडी, सचिव कमलकांत पटेल, उपाध्यक्ष शीतम साहू, कोषाअध्यक्ष शत्रुघन साहू कार्यअध्यक्ष कोदू साहू, सहसचिव परमानंद कुरैटी, अनुप सलाम, इशु दर्रो, बिरेन्द्र यदु, कृष्णा नाईक, दिनेश जुरी, महेश दर्रो, राजकुमार यादव, ओमप्रकाश पाडे, सचिन्द्र पटेल, रोमेन्द्र सहित सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।

**अभियान : स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजन**

# 2 अक्टूबर तक चलेगा विशेष अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य पर रहेगा फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर के निर्देशानुसार एवं भाजपा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दुर्गुकोंदल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम की शुरुआत सुबह सफाई अभियान और मरीजों को फल वितरण से की गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का संदेश प्रोजेक्टर के माध्यम से सुनाया गया तथा सभी ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मीटिंग हॉल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य अधिकारी–कर्मचारी एवं मितानिनों की उपस्थिति रही। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज



किशोरे ने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान 17 से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान महिलाओं, किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। 19 सितम्बर को रक्तदान शिविर, 20 सितम्बर को योग शिविर तथा 21 सितम्बर को सभी सब-सेंटरों में सास-बहू सम्मेलन आयोजित होगा। 24 से 26 सितम्बर तक प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान अंतर्गत सभी गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच होगी। अभियान के दौरान महिला जनप्रतिनिधियों का सम्मान, शुगर, ब्लड प्रेशर, कैंसर स्क्रीनिंग, टीबी–कुष्ठ व सिकल सेल जांच, आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदना कार्ड बनाने का कार्य किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है स्वस्थ नारी से ही सशक्त परिवार और सशक्त समाज का निर्माण। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बीदे सिंह कल्लो, महामंत्री रामचंद्र कल्लो, जनपद सदस्य पीलम नरेटी, विजय पटेल, अशोक जैन, धरम मांडवी, शकुंतला नरेटी, रघुनाथ मंडावी, राजू विकास नायक सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी, सेक्टर सुपरवाइजर, मितानिन प्रशिक्षक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय अविष्कार अभियान में कन्या विद्यालय हुईं स्पर्धाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

नरहरपुर विकासखंड के अंतर्गत कन्या आवासीय विद्यालय सरोना में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत मलान्जकुडम केंद्रीकृत समूह सरोना द्वारा केंद्रीकृत स्तर की क्वीज़, भाषण एवं इतिहास लेखन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 11 संकुलों से विभिन्न स्तरों प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकेंडरी के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। क्वीज़ प्रतियोगिता में हायर सेकेंडरी स्तर पर प्रथम स्थान चांदनी साहू हायर सेकेंडरी स्कूल बासनवाही, द्वितीय स्थान रोशन जैन हाई स्कूल अभनपुर, माध्यमिक स्तर पर प्रथम स्थान रितु नाग माध्यमिक शाला मुसुरपुट्टा, संकुल मुसुरपुट्टा द्वितीय स्थान मधु नेताम माशा बांगाबारी संकुल बासनवाही, भाषण प्रतियोगिता में हायर सेकेंडरी स्तर पर प्रथम स्थान तोषी मंडावी हायर सेकेंडरी स्कूल अभनपुर, माध्यमिक स्तर पर प्रथम स्थान अदिति ठाकुर सेजेस सरोना।

इतिहास लेखन प्रतियोगिता में हायर सेकेंडरी स्तर पर प्रथम स्थान योगेश कुमार शोरी हायर सेकेंडरी स्कूल लेंडारा, माध्यमिक स्तर पर प्रथम स्थान देवीलाल माशा लेंडारा, प्राथमिक स्तर पर प्रथम स्थान प्रहलाद वट्टी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## गेंदा फूल की खेती से महका महिलाओं का जीवन, आजीविका संवर्धन का बना साधन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखण्ड कांकेर के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गेंदा फूल की खेती कर आजीविका संवर्धन कर आय अर्जन कर रहे है।

कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के सीईओ के मार्गदर्शन जिले के महिला स्व-सहायता समूह को बैंक लिंकेज कर लोन रूप में राशि प्राप्त कर गेंदा की खेती करने का कार्य प्रारंभ किया हैं। उन्नत खेती करने के लिए माह मई-जून में उद्यानिकी विभाग से समन्वय कर 50 से 55 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदाय किया। पीढ़ापाल से रामरहीम स्व सहायता समूह, भीरावाही से जय अम्बे कोकपुर से माँ दंतेशवरी समूह, मुरडोगरी से पूजा समूह, किरगोली से सरस्वती समूह, एवं बारदेवरी से जय अम्बे स्व सहायता समूह की महिलाएँ बाड़ी में 10-20 डिसमिल करके कुल 01 एकड़ में 17600 पौधा लगाया गया है और आज 2700 पौधा 50 डिसमिल में और लगाया गया है।

मुरडोगरी से पूजा स्व सहायता समूह की अध्यक्ष जगबती ने बताया कि 20 से 30 डिसमिल में गेंदा फूल की खेती प्रारंभ किया है, जिसमें 69 किलो उपज हुआ जिसे 60-70 रूपए प्रति किलो विक्रय कर अनुमानित 4000-5000 रूपए विक्रय कर आय अर्जन किए है। आजीविका गतिविधि प्रारंभ कर वे स्वयं से आर्थिक मजबूत बन रही है एवं अन्य महिलाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बना रहीं है। बिहान के स्व-सहायता समूह की महिलाओं के अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए एक मिशाल बन कर उभर रही है।

ये गृहणी कार्य के साथ-साथ रोजगार उन्मूलन कर परिवार को आर्थिक रूप से सशसक्त बना रही है। सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि 18 सितम्बर से 35 महिलाओं को गेंदा फूल की खेती करने का आरसेटी में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे नई तकनीकी को अपना कर उन्नत खेती कर सकेंगें और भविष्य में अन्य जिलों में विक्रय करने उत्पादन को बढ़ाने प्रयास करेगें।

## खाद, बिजली और पानी की समस्या पर किसानों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन




**भानुप्रतापपुर।** प्रदेशभर के किसान आज खाद, बिजली और पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। इन मुद्दों को लेकर किसानों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को संबोधित ज्ञापन सौंपा है। किसानों का कहना है कि खाद की कालाबाजारी, बिजली कटौती और सिंचाई के लिए नहरों में पानी की अनुपलब्धता ने खेती को संकटग्रस्त कर दिया है।

किसानों ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। अधिकारी मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं, भ्रष्टाचार चरम पर है और किसान अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए, अन्यथा किसान बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। किसानों की प्रमुख मांगें खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाकर सहकारी समितियों में पर्याप्त भंडारण किया जाए, बिजली कटौती पूर्णतः बंद हो और घरेलू बिजली पर पुनः हाफ बिजली बिल योजना लागू की जाए, सिंचाई रकबा बढ़ाकर नहरों का पानी अंतिम गांव तक पहुंचाया जाए, पिछली सरकार की न्याय योजना की बकाया राशि दीपावली पूर्व किसानों को दी जाए, धान का समर्थन मूल्य 3286 प्रति क्विंटल कर 1 नवंबर से खरीदी प्रारंभ की जाए, दलहन-तिलहन की खेती पर प्रति एकड़ 20 हजार अनुदान दिया जाए तथा रबी में इनकी खरीदी सुनिश्चित हो, कृषक उन्नति योजना में गन्ना फसल को शामिल किया जाए, जैविक खेती के लिए केंद्र द्वारा दिए जाने वाले अनुदान को राज्य सरकार किसानों तक पहुंचाए, धान खरीदी में प्रति बोरी अधिकतम 40.700 किलोग्राम ही लिया जाए और समितियों में इसका स्पष्ट उल्लेख किया जाए, किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि इन मांगों पर जल्द अमल नहीं हुआ तो दीपावली के बाद प्रदेशभर में किसान आंदोलन की आग भड़क सकती है।

## धार्मिक स्थल व तालाब परिसर की साफ-सफाई कर भाजपा ने सेवा पखवाड़े का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भाजपा संगठन सेवा पखवाड़ा

- विधायक नेताम और उसेंडी स्वच्छता अभियान में पहुंचे



कार्यक्रम मनाएगी। पीएम के जन्मदिन पर 17 सितंबर को जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुबह धार्मिक स्थानों, तालाबों के किनारे, शहीदों, महापुरूषों के प्रतिमाओं के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

कांकेर विधायक आशाराम नेताम अपने गृहग्राम बेवरती में शीतला मंदिर व गांव में प्रमुख स्थल पर, अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेण्डी पखांजूर में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में और भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन के नेतृत्व में कांकेर में शीतलापारा मंदिर तालाब के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया। मण्डल अध्यक्षों में अपने-अपने मण्डलों में चिन्हांकित स्थानों में सुबह स्वच्छता अभियान चलाया। जिला मुख्यालय में सुबह के कार्यक्रम पश्चात 11 बजे जिला अस्पताल सहित जिले के उप स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों को फल वितरण किया गया। मरीजों को फल वितरण कर प्रधानमंत्री की दीर्घायु की कामना की और साथ ही उक्त सभी जगहों पर स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का मध्यप्रदेश के धार से राष्ट्र के नाम संबोधन को लाइव सुना। प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण को सुनने के लिए जिला अस्पताल, उप स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, बूथों में विशेष व्यवस्था की गई थी। चारामा में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसके माध्यम से जरूरतमंदों को रक्त मिल सके। सिंगरभाट कांकेर में महिला मोर्चा द्वारा खिचड़ी प्रसाद बांटा गया और प्रधानमंत्री की लंबी उम्र की कामना किया गया। आगामी 2 अक्टूबर तक यह सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम चलेगा, जिसमें 19 व 20 सिंतबर को प्रधानमंत्री की जीवनी से संबंधित फोटो प्रदर्शनी लगाई जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संदेश में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत की। आदि सेवा पर्व के माध्यम से आदिवासीय क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास एवं पर्यावरण संरक्षण की योजनाएं लागु करने का संकल्प लिया। देश के पहले पीएम मित्र पार्क धार में स्थापित करने की घोषणा की गई जिसमें वस्त्र उद्योग सहित युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आयोजित कार्यक्रमों में किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष आलोक ठाकुर, टेकेश्वर जैन, दिलीप जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, राजीव लोचन सिंह, राजा देवनानी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## टेनिस बॉल क्रिकेट में अनुशासन और खेल भावना को बनाए रखें

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम हानपतरी के टागरा मुदिया खेल मैदान में जेबीडी क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा दिन उत्साहपूर्वक चल रहा है। प्रतियोगिता की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अब तक कुल 35 टीमों ने अपना पंजीयन करा लिया है। यह प्रतियोगिता आगामी 20 सितंबर तक चलेगी। आयोजन समिति की कमान संयोजक जोहन गवाड़े के हाथों में है, जबकि समिति में अध्यक्ष



कोमल देव नरेटी, उपाध्यक्ष देवेंद्र गावड़े, सचिव विजय कुमार तथा संरक्षक श्याम सिंह नरेटी शामिल हैं। समिति द्वारा प्रतियोगिता के प्रत्येक चरण का व्यवस्थित संचालन, खिलाड़ियों की सुविधा, उचित देखभाल तथा समय पर मैचों का संकलन सुनिश्चित किया जा रहा है। संयोजक जोहन गवाड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में न केवल आसपास के गांवों से बल्कि दूर-दराज़ के खिलाड़ी भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से अपील की कि वे खेल को अनुशासन और नियमों के अनुरूप खेलें तथा सच्ची खेल भावना का परिचय दें। प्रतियोगिता स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में दर्शक उमड़ रहे हैं, जिससे ग्रामीण खेलकूद गतिविधियों को नई ऊर्जा और उत्साह मिल रहा है। आयोजन समिति का कहना है कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है और आपसी भाईचारा तथा सामुदायिक सौहार्द भी मजबूत होता है।

## दुष्कर्म के बाद धमकाया, दो आरोपी जेल दाखिल

**पखांजुर।** गोण्डाहूर थानांतर्गत महिला के साथ बलात्कार करते हुए गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दो व्यक्तियों को पुलिस ने 18 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

गोण्डाहुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 सितंबर को पीड़िता ने गोण्डाहुर थाना में शिकायत दर्ज कराया था कि उसकी बहन के साथ सूरज सुतार ने गाली-गलौज किया और कार्तिक बाला ने जबरदस्ती बलात्कार किया। पीड़िता



की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रिपोर्ट दर्ज होने के 18 घंटे के अंदर दोनो आरोपियों को घेराबंदी करते हुए पकड़ने में कामयाब रहे। पुलिस ने आरोपी 30 वर्षीय सूरज सुतार और 45 वर्षीय कार्तिक बाला को पीवी 41 पुरुषोत्तम नगर स्थित उनके निवास से गिरफ्तार किया। आरोपियों से महिला के द्वारा दी गई जानकारी के बारे में पूछताछ किया, उस पर दोनो आरोपियों ने कृत्य करना स्वीकार किया। पुलिस ने दोनो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया और न्यायिक रिमांड में जेल की सलाखों में भेजे गए। दोनो आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी रामचंद्र साहू, सहायक उपनिरीक्षक जगमोहन कश्यप, महिला प्रधान आरक्षक बिंदुलता देवांगन, महिला आरक्षक कौशल्या शोरी और आरक्षक चंदन कुलदीप का योगदान रहा।

# भाजपा की गुटबाजी से विकास नहीं विनाश हो रहा : अनूप नाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

अंतागढ़ के पूर्व विधायक अनूप नाग ने भारतीय जनता पार्टी के अंदर गुटबाजी और जनविकास के मुद्दों की अनदेखी को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सांसद और विधायक पर आरोप लगाया कि चुनाव से पहले जनता से किए गए वादे पूरी तरह भुला दिए गए हैं। ट्रिपल इंजन सरकार केंद्र, राज्य और स्थानीय स्तर पर बीजेपी होने के बावजूद क्षेत्र में विकास कार्य नहीं हो रहे हैं, बल्कि लोग विनाश और अव्यवस्था झेलने को मजबूर हैं। अंतागढ़ के पूर्व विधायक ने कहा कि सड़कों की जर्जर हालत और बढ़ते जनाक्रोश के बीच सांसद भोजराज नाग ने खनिज परिवहन पर रोक लगाने का निर्णय लिया। यह कदम सांसद की छोटी मानसिकता को दर्शाता है। खनिज परिवहन ठप होने से कई खदानों में काम बंद हो गया है और वाहन मालिक कर्ज और आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कई लोग अपनी गाड़ियां बेचने या फाइनेंस कंपनियों के कब्जे में देने की स्थिति में हैं। मेटाबोदेली चारगांव रावघाट लोहा खदान ओवर लोड ट्रकें सैकड़ों में चलने के कारण जर्जर हो चुके है गुणवता विहीन होने के कारण कुछ ही दिनों में खराब हो जाती है। करोड़ो रूपए खनिज मद से मिलने के बाद भी मजबूत सड़क का निर्माण हो गया होता, तो यह दिन देखने को नहीं मिलता। वाहन दुर्घटना से कई परिवार के चिराग बुझ गये है। खनिज संसाधन के परिवहन ना होने से सरकार को भी लगातार करोड़ों रुपयों का लगातार नुकसान झेलना पड़ रहा है। पूर्व विधायक ने दावा किया कि सांसद और विधायक के बीच गहरे मतभेद हैं। दोनों बहुत कम मौकों पर साथ नज़र आते हैं, जिससे साफ है कि बीजेपी में गुटबाजी चरम पर है। उन्होंने कहा कि यह वर्चस्व की लड़ाई क्षेत्र के विकास में सबसे बड़ी बाधा बन गई है। आम जनता दोनों को वोट देकर ठगा सा महसूस कर रहे है अब तो हद हो गया है कि किसी काम को लेकर आवेदन देने पर समस्या का



निराकरण करने में कोई रूचि नही लेते और अंतागढ़ क्षेत्र से बोट नहीं मिलने की बात कहकर उपहास करते है। इसी तरह सांसद भी अंतागढ़ के मतदताओं को भी बोट नहीं देने की बात कहते हुए कम वोटों से जिताने का ठिकरा अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों पर फोड़ते है। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में खनिज माफियाओं को संरक्षण दिया जा रहा है और खुलेआम कई अवैध कारोबार चल रहा है। अंतागढ़ राजस्व अधिकारी एवं स्थानीय पुलिस को अवगत कराने के बाद भी करीब बीस दिन लग गए कार्यवाही करने में, भले देर से सही स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ जिला खनिज अधिकारी ने कुछ गाड़ियों खिलाफ कार्रवाई की गई। इस अवैध कार्य के रोकथाम की कार्यवरही के लिए क्षेत्र की जनता की ओर से बधाई। आगे आने वाले समय में भी इसी तरह की कार्यवाही क्षेत्र में चल रहे कई अवैधानिक कार्यो पर भी होना चाहिए।

पेज 09 के शेष...

### पहाड़ पर ब्लास्टिंग...

तब ब्लास्ट करते रहते है, इससे सदैव खतरा बना रहता है, यहीं हाल रहा तो दुधावा डेम के फूटने का खतरा मंडरा सकता है और उससे दो दर्जन गाँव डूबान में चले जाएंगे। इस पहाड़ को तोड़ने की परमीशन किसने दिया, इस पर उपस्थित ग्रामीणों का कहना है कि इसकी जानकारी हमारे पास नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि भारतमाला सड़क बन रही है, इससे क्षेत्र के लोगों को परेशानी ही खड़ी हो रही है। एनएचएआई के अधिकारियों को हम लोगों की समस्याओं को समझकर उनका निराकरण करना चाहिए, परंतु इस विभाग के अधिकारी सड़क से उतरने को तैयार नहीं रहते है। ऐसे में उनको ग्रामीणों की समस्याएं कैसे पता चलेंगी।

### कोकपुर शिविर...

को अधिक की संख्या में भाग लेना चाहिए। उपसरपंच ने बताया कि अगले सप्ताह योगासन कार्यक्रम व स्वास्थ्य जागरुगता रैली भी पंचायत स्तर में निकाली जाएगी। इस आयोजन में पंच प्रेमलाल जैन, पुरशोत्तम जैन, खेमिन जैन, यामिनी सेन, केजा मण्डावी सहित स्वास्थ्य टीम कांकेर बीएमओ शशांक गुप्ता, डा. रोहिणी सिंह, डॉ. सुमित इक्का मेडिकल ऑफिसर, लिकेष्वर यदु लैब टेक्निषीयन, खिपभान बघेल, नरेश मरकाम, अर्चना ठाकुर, नन्दनी जैन, भामा गोस्वामी, हेमलता जैन, रोशनी नेताम, भारती सेन, सेवती साहू, प्रमिला नेताम, कंचन सोनकर ने योगदान दिया।

### साइड नहीं देने ...

सागर हलदार, सुजन हलदार के साथ भी धक्का मुक्की कर उन्हे भी हाथ, मुक्का से संजीत गाईन ने मारपीट किया। बीच बचाव करने पहुँचे सागर हलदार के बांए आंख के पास चोट आया है। हमारे भतीजे बचाने के लिए नहीं पहुँचते, तो हमारे साथ कोई भी अनहोनी हो सकती थी।

शिकायत पर पुलिस ने आरोपी संजीत गाईन के विरूद्ध धारा 296, 115 (2), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### वोट चोरी का...

अध्यक्ष अरुण कौशिक,प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाठिया, जिलाध्यक्ष महेश जैन,पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, महामंत्री दिलीप जायसवाल, राजा देवनानी,संजय सिन्हा , संजू गोपाल साहू, टिकेश सिन्हा, राजीव लोचन सिंह उपस्थित थे।

### पाश मशीन से...

समय सीमा जून 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके अलावा कलेक्टर ने भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर-विशाखपटनम निर्माणाधीन मार्ग का अवलोकन किया।

### आत्मा योजना अंतर्गत ...

असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर, रामदयाल गोटा कृषक मित्र सहित बड़ी संख्या में कृषक बंधु उपस्थित रहे। उपस्थित कृषकों ने इस पहल को कृषि उत्पादन बढ़ाने और वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर किसानों को बताया गया कि आत्मा योजना का उद्देश्य उन्नत कृषि तकनीकों और बीजों को किसानों तक पहुंचाकर उनकी आय में वृद्धि करना और क्षेत्र की कृषि को अधिक लाभकारी बनाना है।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता ही रोगों को दूर करने का एकमात्र साधन



**बचेली।** राज्य शासन जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता उत्सव के आयोजन हेतु निर्देश प्राप्त हुए थे, जिसके परिपालन में नगर पालिका बड़े बचेली द्वारा राजू जायसवाल, उपाध्यक्ष, सतीश प्रेमचंदनी, पार्षद धनसिंग नाग, पार्षद बिना साहू की उपस्थिती में स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता उत्सव अंतर्गत नगर में सफाई हेतु स्वच्छता का शपथ स्वच्छता दीदियों नगर पालिका अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में लिया गया। सफाई की जागरूकता के लिए सफाई वाहनों को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा हरी झंडी दिखाई गई। अध्यक्ष ने सम्बोधित करते हुए कहा स्वच्छता ही रोगों को दूर भगाने का एकमात्र साधन है। नगर की सफाई में नागरिकों से भी सहभागिता की अपील की।

### सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण



**भोण्ड।** बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ग्राम पंचायत जैतगिरी पहुंचे। जहां माता-बहनों एवं ग्रामीणजनों ने पारंपरिक रीति-रिवाज से आत्मीय स्वागत कर नुवाखाई जुहार भेंट कर शुभकामनाएं दी। पूरे क्षेत्र में हर्ष और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। जैतगिरी परगना के 20 ग्राम पंचायतों के लोगों द्वारा इस वर्ष नुवाखाई जुहार भेंट कार्यक्रम का आयोजन सामूहिक रूप से ग्राम पंचायत जैतगिरी में किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने भतरा समाज 20 परगना के लिए निर्मित नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान गोपाल कश्यप, सोनाधर कश्यप, डमरूधर बघेल, मुन्नालाल ठाकुर, ललित पुजारी, जोगेश, तुलसीराम, राजेश कुमार, जितेंद्र तिवारी, अनत राम, तुलसीराम एवं समस्त कार्यकर्त्तागण, माता बहनें ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**सुकमा।** जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिले में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बुधवार को अपर कलेक्टर गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ आने वाले दिनों में जिले के सभी विकासखंडों और ग्रामों का भ्रमण करेगा तथा ग्रामीणों को योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करेगा। विशेष रूप से प्रशिक्षित कर्मचारी ग्रामीणों को योजना से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं की जानकारी देंगे और इच्छुक हितग्राहियों का मौके पर ही पंजीयन भी करेंगे।

### छिंदबहार में स्वच्छता पखवाड़ा का आगाज



**दरभा।** विख दरभा अंतर्गत शाउमावि छिंदबहार में राज्य शासन व जिला प्रशासन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा स्वच्छता शपथ लिया गया और स्वच्छता पखवाड़ा का आगाज किया। व्याख्याता बुधराम कश्यप द्वारा छात्र छात्राओं को स्वच्छता पखवाड़ा शपथ लेने के महत्व को समझाया गया और कहा कि सभी लोग खुद साफ सफाई रहते हुए जहां उठते - बैठते हैं,सोते हैं,रहते हैं उस जगह के साथ ही साथ अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखना है और दूसरों को भी स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित करना है।

# ग्रामीणों को साइकिल, रेडियो, साड़ियां और कंबल बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा

- चिकित्सा शिविर लगाकर ग्रामीणों का किया इलाज



छत्तीसगढ़ के धुर नक्सल प्रभावित जिला सुकमा के थाना गोल्लपल्ली अंतर्गत नये एफओबी तुमालभट्टी कैम्प में 217वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस उप महानिरीक्षक परिचालन रेन्ज कोन्टा, राजेश पांडे और कमांडेंट 217 बटालियन कोन्टा विजय शंकर के मार्गदर्शन में तथा द्वितीय कमान अधिकारी नीर सिंह मीणा एवं सहायक कमांडेंट संगीत कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर नीर सिंह मीणा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नक्सल प्रभावित होने के कारण इन इलाकों में सरकारी सुविधाएं पर्याप्त रूप से नहीं पहुंच पा रही हैं। उन्होंने लोगों से हिंसा त्यागकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने की अपील की और बच्चों को शिक्षित कर बेहतर भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में ग्रामीणों के लिए साइकिल, रेडियो सेट, साड़ियां और कंबल वितरित किए गए। साथ ही डॉ. अमिताभ साहू सीएमओ, 217वीं वाहिनी द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। डॉक्टर ने बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव संबंधी जानकारी भी साझा की।

## छात्राओं ने किया विद्यालय का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहण्डीगुड़ा



पीएम श्री सेजेस लोहण्डीगुड़ा के लिए गर्व का क्षण रहा जब विद्यालय की 2 प्रतिभाशाली छात्राओं ने राज्य स्तरीय मुक्केबाज़ी प्रतियोगिता में शानदार उपलब्धि हासिल की। रायपुर में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की छात्रा रोशनी कश्यप तथा कक्षा 11वीं की छात्रा पूनम कश्यप ने अंडर-19 वर्ग में भाग लिया।

प्रतियोगिता में अपनी श्रेष्ठ खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रोशनी कश्यप ने रजत पदक तथा पूनम कश्यप ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह उपलब्धि विद्यालय एवं क्षेत्र दोनों के लिए गौरवपूर्ण क्षण है।

विद्यालय के प्राचार्य अशोक खपर्डे ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# बस्तर की अनमोल प्राकृतिक संपदा से ही खनिज न्यास निधि का हुआ जन्म : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/ गीदम

- विकास की प्रगति को जारी रखने की प्रतिबद्धता को दोहराया



प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना एवं जिला खनिज संस्थान न्यास निधि के जिले में 10 वर्ष पूर्ण होने पर जिला खनिज संस्थान न्यास निधि स्थापना दिवस के रूप में जावंगा ऑडिटोरियम में वर्षगांठ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप सहित क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष अरविंद कुजांम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य अतिथि के आसंदी से अपने संबोधन में बस्तर सांसद ने कहा कि प्रकृति ने बस्तर जिले को जल जंगल जमीन जैसे अनमोल संपदाओं और खनिज संसाधनों से समृद्ध किया है और इस संपदा को संरक्षित एवं सुरक्षित करने का महान कार्य हमारे पूर्वजों द्वारा किया जाता रहा। वर्तमान में हम विकसित बस्तर का सपना साकार होते देख रहे है और विकास की दौड़ में बस्तर अग्रसर है। इसका पूरा श्रेय यहां के जल जंगल जमीन जैसी संपदा को जाता हैं। अपनी इसी अप्रतिम प्राकृतिक विशेषता के बलबूते खनिज संस्थान न्यास निधि की परिकल्पना को मूर्त रूप दिया गया है। आज हम बस्तर में चहमुखी विकास का अवलोकन कर पा रहे है। इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति और दूरदर्शिता है। जिन्होंने प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना एवं जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की आधारशिला रखी। डीएमएफ मद की लाभांश राशि से ही यहां नये मूलभूत अधोसंरचनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण कौशल विकास, को पोषित पल्लवित किया गया है और तो और जावंगा एजुकेशन हब के निर्माण, प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज की स्थापना के साथ-साथ स्कूल, आश्रम आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण तथा नवाचारी विकास के प्रतिरूप सभी जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की देन है। इस संबंध में उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान का भी स्मरण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सड़क योजना उन्हीं की परिकल्पना थी कि जिसने गांव-गांव में पक्की सड़कों की जाल बिछाया। इसके साथ ही सांसद ने खनिज संस्थान न्यास निधि के माध्यम से विकास की अनवरत प्रगति को जारी रखने की प्रतिबद्धता को दौहराया।

### जिले को विकास की शिखर तक पहुंचायेगें

विधायक ने जिला खनिज संस्थान न्यास निधि के जरिये जिले में हो रहे सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चाहे वह स्वास्थ्य के क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सालयों की स्थापना हो अथवा विशेषज्ञ डॉ. की नियुक्ति करके स्थानीय लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना हो या फिर क्षेत्र में नवाचारी शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से स्थानीय छात्रों को सर्वोत्कृष्ट शिक्षा प्रदाय करना इन सब के पीछे जिला खनिज संस्थान न्यास निधि ही है और भविष्य में भी हम इसके माध्यम से जिले को विकास की शिखर तक पहुंचायेगें। उन्होंने हाल ही में आई अतिवृष्टि आपदा का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रभावितों को तात्कालिक एवं त्वरित सहायता राशि इसी मद से प्रदाय की गई है। जिससे उनका पुनर्वास कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। इसके साथ ही कलेक्टर ने खनिज संस्थान न्यास निधि के माध्यम से जिले में व्यय की जा रही राशि का ब्यौरा देते हुए कहा कि बस्तर संभाग के सात जिलों में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए न्यास निधि का एक बड़ा हाथ है।

## दीदी के गोठः सेंट्रिंग प्लेट कार्य से बनी लखपति दीदी ने साझा किया अनुभव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में शुरू की गई नई पहल दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण था।

कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में दीदियों की प्रसारित कहानी को सुनकर प्रेरणा लेने जिला पंचायत बीजापुर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चैबे के निर्देशन में जिला पंचायत सभागार में व्यवस्था की गई। वहीं जिले के 16 कलस्टर में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर राज्य भर में बेहतर कार्य कर रही लखपति दीदी ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सेंटरिंग प्लेट, सीमेंट मिक्सर मशीन जैसी विभिन्न कामों को अपनाकर आज लाखपति बनने का सफर तय किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि महिला स्व-सहायता समूह के सहयोग और सरकार की योजनाओं की सहायता से संभव हुआ है। उनके अनुभव ने कार्यक्रम में उपस्थित जिले की स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रेरित किया।

जिला स्तर के कार्यक्रम में कुल 80 हितग्राही शामिल हुए, जिनमें से 20 प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही भी उपस्थित थे। वहीं जिले की ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 16 क्लस्टरों में दीदी के गोठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 1480 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# गोस्वामी की स्मृति में अभियंताओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा





भारत रत्न सर मोक्षगुन्डम विश्वेश्वरैया की जयंती में न केवल उनके योगदान को याद किया, बल्कि यह आयोजन एक ऐसी परंपरा का भी प्रतीक बना जो पिछले 10 वर्षों से अभियंताओं के सम्मान में सतत रूप से निभाई जा रही है। नगर के सर्किट हाउस में अभियंता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालन अभियंता एसएल ठाकुर, वैभव देवांगन, निखिल कवर तथा अनुविभागीय अधिकारी एमके भौरया शामिल रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मोक्षगुन्डम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में स्व. आरसी नाथ गोस्वामी की स्मृति में अभियंताओं का सम्मान किया गया। अभियंता सम्मान समारोह गोस्वामी परिवार द्वारा पिछले दस वर्षों से किया जा रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अभियंता स्व. गोस्वामी की स्मृति में यह परम्परा निभाई गई।

उल्लेखनीय है कि गोस्वामी का स्वर्गवास 2015 में हो गया इसके बाद से वर्ष 2016 से यह परंपरा अनवरत से उनके परिवार द्वारा निभाई जा रही है। स्व. आरसी नाथ गोस्वामी एक कर्मठ, ईमानदार और समर्पित अभियंता थे। उनके पुत्र अविनाश गोस्वामी ने अपने पिता के जीवन मूल्यों, उनके कार्य के प्रति समर्पण और ईमानदारी की भावना को साझा किया। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों को ईमानदारी और सच्ची निष्ठा से निभाया। इसके बाद सुनीता गोस्वामी ने अपना प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि उन्हें जो शिक्षा और सम्मान मिला, उसका श्रेय पूरी तरह से उनके ससुर को जाता है।

गोस्वामी की स्मृति में अभियंताओं को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने जिले में उत्कृष्ट कार्य किया है।

### ये हुए सम्मानित

स्व. गोस्वामी की स्मृति में उनके पुत्र अविनाश गोस्वामी, बहु सुनीता गोस्वामी, पोती प्राची व प्रज्ञा गोस्वामी द्वारा जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अभियंता मनीष साहू, शैलेश, कौशल नेताम, जितिन ध्रुव, विजय कोराम, पंकज ठाकुर, राजेश ठाकुर, संतोष नेगी, रविकांत सारथी, वीएस कानेकर तथा नरेंद चौहान को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन

## शिक्षिका ने स्कूल को भेंट की टीवी



**भोण्ड।** बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायत राजपुर स्थित प्राथमिक शाला मावलीगुड़ा में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल देखने को मिली। जब शिक्षा दूत पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका गिरिजा साहू ने अपने विद्यालय को स्मार्ट टीवी भेंट किया। यह स्मार्ट टीवी उन्होंने पुरस्कार राशि के साथ अपनी व्यक्तिगत बचत से खरीदा। स्मार्ट टीवी मिलते ही बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने लायक थी। इस अवसर पर खास कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर प्रेरणादायक शॉर्ट फ़िल्म चलो जीते हैं देखी। फ़िल्म के दौरान बच्चों की तालियों और उत्साह ने वातावरण को जीवंत कर दिया। बच्चों ने इस फ़िल्म से सीखा कि संघर्ष और सेवा से जीवन में सार्थकता आती है।

## अनुदेशक और शिक्षादूत शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ : गागड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



ग्राम चेरपाल में अनुदेशक एवं शिक्षादूत संघ द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्र के जनप्रिय नेता एवं पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना और प्रमुख मांगों से अवगत हुए।

महेश गागड़ा ने कहा कि अनुदेशक और शिक्षादूत शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी मांगें पूरी तरह से वाजिब हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इन मांगों को प्राथमिकता से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष रखा जाएगा और शीघ्र समाधान के लिए हर संभव पहल की जाएगी। इस मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट, जिला अध्यक्ष घासीराम नाग, वरिष्ठ नेता राजू कलमू, हरिहर सहनी समेत अन्य पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। मंच से सभी नेताओं ने शिक्षा व्यवस्था में अनुदेशकों और शिक्षा दूतों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। बैठक में जिलेभर से आए अनुदेशक एवं शिक्षा दूत संघ के सैकड़ों सदस्य शामिल हुए और उन्होंने एक स्वर में अपनी समस्याओं और मांगों को रखा। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से उनकी सेवा स्थायीकरण, वेतनमान एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी मांगें लंबित हैं, जिन पर सरकार को जल्द सकारात्मक कदम उठाना चाहिए।

## किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला बस्तर का मासिक समीक्षा बैठक संघ कार्यालय जगदलपुर में रखा गया था, जिसमें मुख्य रुप से किसानों के विभिन्न समस्या बिजली कटौती, बिजली बिल की दर मे बढोत्तरी, स्मार्ट मीटर में रिडिंग बढ़ना, किसानों के समस्याओ को अधिकारीयों द्वारा नजर अंदाज करना, खाद बीज के समस्या, जैविक खेती को बढावा देना, देशी धान बीज का संरक्षण करना, सहकारी समितियों की निगरानी करना, धान उपार्जन केन्द्रो को निगरानी मे रखना, मार्कफेड, मंडी, के अधिकारीयों से सम्पर्क करना, पशु चिकित्सा केन्द्रों से सम्पर्क, मछली पालन, मुर्गी पालन व्यवस्थाओं का अवलोकन गौ धाम समिति गठित कर सुचारु संचालन आदि महत्वपूर्ण बिषयों पर चर्चा की गयी। राशन घोटाला, अधिकारियो की मनमानी, बडे अधिकारियों का कार्यालय मे उपस्थित नहीं रहना, शासन द्वारा चलाए जाने वाले योजनाओं को प्रचार प्रसार न करना, गलत जानकारी मौखिक रूप से देकर टालना अधिकारियो के द्वारा किया जा रहा है।

## नुवाखाई में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

ग्राम पंचायत घटलोहंगा में नुवाखाई पर्व का आयोजन पारंपरिक हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल पहुंचे। ग्राम आगमन पर माताओं-बहनों एवं ग्रामीणजनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों से आत्मीय स्वागत करते हुए नुवाखाई जुहार भेंट कर शुभकामनाएँ दीं। पूरे क्षेत्र में पर्व जैसा माहौल बना रहा।

अपने संबोधन में विधायक बघेल ने कहा कि नुवाखाई केवल एक पर्व नहीं, बल्कि बस्तर की अस्मिता और हमारी सामाजिक-सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। उन्होंने ग्रामवासियों के आमंत्रण हेतु पूर्व युवा सरपंच डमरूधर बघेल एवं मुन्नालाल का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने समाज को प्रेरक संदेश देते हुए परंपराओं के संरक्षण तथा नई पीढ़ी को सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने की अपील की। इस दौरान पूर्व सरपंच डमरू धर बघेल, मुन्ना लाल यादव, राजेश यादव, तुलसीराम ठाकुर, अनुसूया यादव बालमती यादव, इमला भाई बघेल, हेलो बाई बघेल, दुर्गेश्वरी यादव ,ज्योति नाग, मनु नाग, होम सिंह नाग, सोनसाय नाग, टिल्लू नाग, गुड़िया बघेल, चैती बघेल, मगतिन बघेल, खेमराज बघेल, रोहित बघेल, धन सिंह बघेल तुलसी एवं ग्राम के माता बहन भारी मात्रा मे उपस्थिति थे।

## वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र बाजपेयी नहीं रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र बाजपेयी(79) का आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया। एक दिन पहले बेचैनी महसूस होने पर शहर के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कर उपचार किया गया था। घर वापस आने के बाद आज सुबह तबियत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाने के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। कल शुक्रवार सुबह उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी, 1 पुत्र, 3 पुत्रीयां, नाती, पोतों सहित भरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन की खबर से शहर और बस्तर में शोक की लहर फैल गई। पत्रकारों समेत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद महेश कश्यप,विधायक किरण देव, लखेश्वर बघेल,कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज व अन्य जनप्रतिनिधियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते पत्रकार जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। वे बस्तर जिला पत्रकार संघ के संस्थापक सदस्यों में शामिल थे। पत्रकार भवन के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह से जमीन लेने वाले टीम के वे सदस्य थे। उनका लंबा पत्रकारिता का जीवन रहा है। प्रिंट और इलेक्ट्रानिकमीडिया में काम करते हुए उन्होंने बस्तर के संवेदनशील क्षेत्र में जाकर साहसिक रिपोर्टिंग की। जिसमें नक्सलियों द्वारा अपरहण किए गए थानेदार प्रकाश सोनी को छुड़ाने वाले पत्रकारों के दल में वे शामिल थे।

उन्होंने साप्ताहिक समाचार पत्र बस्तर टाइम्स से पत्रकारिता शुरू की और अभी तक सक्रिय रहे। उनके पुत्र रजत बाजपेयी एक इलेक्ट्रानिक चैनल के पत्रकार है।

## जिला चिकित्सालय में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ



**बीजापुर।** बीजापुर जिला चिकित्सालय में आज स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयुष्मान कार्ड, वय वंदना कार्ड एवं आभा कार्ड का पंजीयन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से किया गया। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में 70 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को आयुष्मान व वय वंदना कार्ड प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा एवं नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी की उपस्थित रहीं। दोनों ही अतिथियों ने महिलाओं के स्वास्थ्य और सामाजिक सशक्तिकरण को एक दूसरे से जोड़ते हुए इस अभियान की सराहना की। इस अवसर पर नगर पालिका के समस्त पार्षदगण तथा बड़ी संख्या में आमजन, महिलाएं और स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. आर. पुजारी सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर, डीपीएम वरुण साहू वरिष्ठ तथा अन्य स्टाफ सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं महिलाओं के लिए स्वास्थ्य कार्ड का पंजीयन और वितरण, वरिष्ठ महिलाओं को प्राथमिकता, वरिष्ठ स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान, जनभागीदारी के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता इस अवसर पर वक्ताओं ने नारी सशक्तिकरण के लिए स्वास्थ्य की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी नागरिकों से अपील की कि वे स्वास्थ्य योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित कर करें।



## खबर संक्षेप



### श्री विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर मूर्ति को किया विसर्जित

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम कर्रामाड़ में भगवान विश्वकर्मा की गुरुवार को भक्तों ने गाजे-बाजे, भक्ति गीतों, जयकारों और ढोल नगाडों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। गांव भ्रमण करने के बाद तालाब पहुंचकर प्रतिमा का विधि विधान से विसर्जन किया गया। इस दौरान अमित सलाम, दीनू सलाम, योगेश चिराम, बंसु राम, शनिराम, सुभाष सोम, सुरेन्द्र शोरी, शोभराय शोरी, बल्लू राम, कन्हैया गोटा, दया राम, कार्तिक शोरी, समस्त मिस्त्री एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने भगवान विश्वकर्मा से सुख समृद्धि की और उन्नति की कामना की।

### कन्या स्कूल को कूलर और वॉटर प्यूरीफायर की भेंट



**चारामा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा में चारामा के एक प्रतिष्ठित नागरिक रहे स्व कांतिलाल किरी की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी धनवंती किरी एवं सुपुत्री मुक्ता किरी द्वारा विद्यालय को वॉटर प्यूरीफायर एवं कूलर सप्रेम भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। विद्यालय प्राचार्य विष्णु सेन एवं शाला परिवार ने इस पुनीत कार्य के लिए किरी परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया तथा इसे छात्राओं के स्वास्थ्य एवं सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान बताया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमा शर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष ओझा, जय श्री सिन्हा, अजय जगवानी, प्रियेश सेन, समाज सेवी छगन यादव, भानु शंकर नागराज, गुल्लू दास साधवानी, सुक्खू राम सिन्हा, अनश रजा, सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

### दृष्टि व श्रवण बाधितार्थ स्कूल में सेवा पखवाड़ा दिवस मनाया

**कांकेर।** जिले में संचालित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय कोदाभाट में छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा की उपस्थिति में सेवा पखवाड़ा दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण, फल वितरण कर सम्मानित किया गया। उन्होंने दिव्यांग छात्रों के बीच प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर मिष्ठान वितरण किया। उन्होंने कहा कि जो भी मदद की आवश्यकता हो इसके लिए शासन-प्रशासन तत्पर है तथा हर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में शाला उन्नयन प्रशिक्षण केन्द्र पर चर्चा की गई और दिव्यांग छात्रों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

### राजमिस्त्री संघ ने भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई



**भानुप्रतापपुर।** 17 सितंबर को राजमिस्त्री संघ भानुप्रतापपुर के तत्वाधान में विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोक सिंगार कलाकार गोरेलाल बर्मन ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी रही वहीं विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डड़सेना, नरोत्तम सिंह चौहान, मेडीवरुण खापार्डे, भेनू दुग्गा, अमर कचलाम तथा शकुंतला यादव उपस्थित रहीं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**हड़ताल :** छत्तीसगढ़ महतारी के इन संतानों के हक के लिए भाजपा सरकार गंभीरता नहीं

# एनएचएम कर्मियों के आंदोलन से स्वास्थ्य केंद्रों में ताले, फिर भी सरकार गंभीर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



एनएचएम के द्वारा किए जा रहे अनिश्चित कालीन आंदोलन का 31 वें दिन जिले में स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है। कई स्वास्थ्य संस्थानों में हड़ताल की वजह से ताले लटके हुए है। जिला चिकित्सालय, प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से मरीजों की रेफर की भरमार हो गई है। जिला अस्पताल भी क्रिटिकल केयर के आपात स्थिति में मरीजों का रेफर कर रहा है। ऐसा लग रहा है मानो सभी स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल कम रेफर सेंटर बन गया हो।

प्रदेश में लगभग सभी जिले में यही स्थिति निर्मित है, इसके बाद भी भाजपा सरकार की कुंभकर्णी निद्रा टूट नहीं रही है। लिहाजा छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य केन्द्रों में इलाज के लिए आए मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल के 31वें दिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा धरना स्थल मिनी स्टेडियम धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ में मोदी गारंटी को पूरा करने का नारा लगाकर नियमितीकरण, ग्रेड पे निर्धारण, 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को पूरा करने विरोध प्रदर्शन कर सोई हुई सरकार को जगाने का प्रयास किया गया। सरकार की इस अड़ियल रवैए के कारण हड़ताली कर्मचारियों का हड़ताल थमने का नाम नहीं ले रहा है। संविदा कर्मचारियों ने बताया कि यह बहुत दुखद है कि विगत 25 सालों से सरकार आती रही जाती रही पर अभी तक छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कोई भी न्यायोचित कदम नहीं उठाया गया, जिसके चलते इस बार हड़ताल आर या पर की हो गई है। अन्य राज्यों की तुलना कर जहां एमएचएम कर्मीयों के समर्थन में फैसला लिया गया था वहां के नीति निर्धारण करने के लिए राज्य को कई बार पत्र ज्ञापन दिया गया पर उसका अवलोकन, परीक्षण कर संबंधित समिति और सक्षम अधिकारियों ने आज तक शासन को रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं किया। कई बार राज्य के अधिकारियों से चर्चा के उपरांत भी उनके अड़ियल रवैए और असंवेदशीलता के कारण आज 22 सालों से कर्मचारी उनका खामियाजा भुगत रहे है। इस बार एनएचएम के कर्मचारी आर या पार के मूड में है। इस बार सरकार द्वारा समुचित निराकरण कर जब लिखित आदेश प्रसारित किए जाएंगे इसके बाद ही अनिश्चितकालीन हड़ताल से लौटेंगे।

## धौराभाठा के ग्रामीणों ने किया श्रमदान से सड़क मरम्मत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना

नरहरपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत धौराभंठा में इन दिनों एक अनोखा नजारा देखने को मिल रहा है। जहां जनप्रतिनिधि अक्सर समस्याओं के समाधान के लिए केवल घोषणाएं करते दिखाई देते हैं, वहीं गांव के पूर्व सरपंच महेश नेताम ने खुद फावड़ा उठाकर लोगों के लिए एक जीवंत मिसाल पेश की है।

बरसात के चलते धौराभंठा से होकर गुजरने वाली कच्ची सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी थी। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे, जिससे लोगों का आना-जाना कठिन हो गया था। खासकर स्कूली बच्चों, ग्रामीणों और वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। इसी समस्या को देखते हुए पूर्व सरपंच महेश नेताम ने बिना किसी सरकारी मदद का इंतजार किए खुद मोर्चा संभाल लिया। वे गांव वालों के बीच फावड़ा और उपकरण लेकर पहुंचे और सड़क पर बने गड्ढों को खुद भरने लगे। ग्रामीणों ने भी उनके इस कदम की जमकर सराहना की और कई लोग आगे बढ़कर उनके साथ काम में जुड़ गए। महेश नेताम ने कहा कि मैंने हमेशा यह सीखा है कि जनता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। अगर गांव की समस्या को हम मिलकर हल कर सकते हैं, तो हमें इंतजार करने की जरूरत नहीं है। सड़क को दुरुस्त करने का काम मैंने अपने हाथों से इसलिए शुरू किया, ताकि लोगों को राहत मिल सके। पूर्व सरपंच के इस प्रयास से गांव के लोगों में उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों का कहना है कि नेताम ने साबित कर दिया कि प्रतिनिधित्व का मतलब केवल कुर्सी और पद नहीं, बल्कि समाज के लिए काम करना है। उनकी इस मेहनत ने पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश दिया है।



## दुर्गुकोंदल मिस्त्री संघ ने धूमधाम से मनायी श्री विश्वकर्मा की जयंती

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड मुख्यालय दुर्गुकोंदल में मिस्त्री संघ के तत्वाधान में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ पूजा-अर्चना एवं विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भगवान विश्वकर्मा जिन्हें सृष्टि के प्रथम इंजीनियर व शिल्पकार के रूप में जाना जाता है की आराधना कर नगरवासियों ने सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मिस्त्री संघ अध्यक्ष उमेश सलाम, संतलाल पोया, हरेश मानिकपुरी, भारत कोमरा, विजय कुमार देवा, नेताम सुभाष सोम, रेवाराम घासिया एवं चालकी सहित अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों की अगुवाई में 17 सितंबर को श्रद्धा-भाव से पूजा अर्चना की गई। अगले दिन 18 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा नगर भ्रमण के लिए निकाली गई। जुलूस में भक्तों की लंबी कतार उमड़ पड़ी और वातावरण /"जय विश्वकर्मा/" के नारों से गूंज उठा। भक्ति भाव से सजी हुई शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दुर्गुकोंदल के बस स्टैंड, थानापारा बाजार पारा सहित विभिन्न स्थानों पर पहुंची। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आरती उतारी और पुष्प वर्षा कर भगवान विश्वकर्मा की अगवानी की। इस दौरान सांस्कृतिक माहौल और भक्तिमय गीतों ने वातावरण को और अधिक आस्था से भर दिया। भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का विसर्जन पूरे विधि-विधान से संपन्न कराया गया। विसर्जन स्थल पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और श्रद्धा भाव से भगवान को विदाई दी। इस मौके पर मिस्त्री संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि विश्वकर्मा पूजा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि यह मेहनतकशों और शिल्पकारों के सम्मान का दिन भी है। दुर्गुकोंदल में इस प्रकार की धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों से न केवल आस्था का वातावरण प्रगाढ़ होता है, बल्कि लोगों में आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना भी प्रबल होती है।

## कोयलीबेड़ा आदिवासी समाज ने मनाया ठाकुर जोहारनी पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोयलीबेड़ा

कोयलीबेड़ा क्षेत्र के 18 पंचायत क्षेत्र के आदिवासी समाज के लोगों ने कोयलीबेड़ा स्थित आदिवासी समाज भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सांसद भोजराज नाग, विधायक विक्रम उसेंडी, सामाजिक कार्यकर्ता गायता मांझी पटेल कार्यक्रम में सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बुढा देव की पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का फूल माला गुलदस्ता एवं पगड़ी बांधकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

समाज के अध्यक्ष विश्वनाथ दरों ने सामाजिक रीति रिवाज पर अपनी बात कही। इसके पश्चात सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष सहदेव उसेडी ने क्षेत्र में शिक्षा को लेकर शिक्षक की कमी, स्कूल भवन जर्जर, अभी तक कई शालाओं में पाठ्य पुस्तक नहीं पहुंची, पुस्तक की कमी, सामाजिक भवन में पानी की समस्या को रखते हुए विधायक एवं सांसद से शीघ्र पूरा करने की मांग रखी गई। सरपंच संघ की अध्यक्ष हेमा हुबेंडी ने कोयलीबेड़ा से अंतागढ़ जर्जर मार्ग की मरम्मत ब्लॉक मुख्यालय में जिला सहकारी बैंक कॉलेज की मांग सांसद एवं विधायक के समक्ष रखी। सामाजिक कार्यक्रम में उपस्थित सांसद ने समाज की मांग पर घोटुल भवन की घोषणा की गई एवं विधायक विक्रम उसेंडी के द्वारा सामाजिक भवन में बाउंड्री बाल निर्माण की घोषणा की गई। पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे युवक यूतियों के द्वारा सांस्कृतिक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में 18 पंचायत क्षेत्र के पटेल, गायता, सरपंच जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, आदिवासी युवक युवतिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक लोकेश उयके एवं रामदयाल आचले ने किया।

## छात्रावास में औषधीय पौधों का प्रदर्शन व योगाभ्यास से मिली स्वास्थ्य की सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर हर दिन हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद औषधालय कोदापाखा द्वारा प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास कोदापाखा में औषधीय पौधों का प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्राकृतिक उपचार पद्धतियों को जीवनशैली में अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में सबसे पहले छात्रों को ताजी एवं सूखी औषधीय पौधों की प्रदर्शनी दिखाई गई। फ्लैक्स और शैक्षिक सामग्री के माध्यम से यह बताया गया कि आयुर्वेदिक पौधे किस प्रकार से सामान्य बीमारियों के उपचार में कारगर साबित होते हैं। पौधों की विशेषताओं और उनके उपयोग की जानकारी देकर छात्रों को यह समझाया गया कि हमारे आस-पास पाए जाने वाले पौधे न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि हमारी सेहत के लिए भी अमूल्य वरदान हैं। इसके पश्चात योग शिक्षक शिव प्रसाद बघेल ने छात्रों को योगाभ्यास कराया। उन्होंने योग की विभिन्न क्रियाओं और आसनों का अभ्यास करवाते हुए इसके महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी प्रतिदिन केवल 20–30 मिनट योग करें तो न केवल उनका शारीरिक विकास बेहतर होगा बल्कि मानसिक एकाग्रता और स्मरणशक्ति में भी वृद्धि होगी। साथ ही, जीवनभर स्वस्थ रहने का मार्ग भी योग से ही संभव है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. केव्ही गोपाल ने छात्रों को औषधि उद्यान का भ्रमण कराया। भ्रमण के दौरान उन्होंने विभिन्न औषधीय पौधों की पहचान कराते हुए उनके उपयोग और औषधीय गुणों की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि बदलती जीवनशैली में प्राकृतिक और आयुर्वेदिक उपायों को अपनाकर हम कई तरह की बीमारियों से बच सकते हैं। जीवन शैली दिवस के अवसर पर उन्होंने फ्लैक्स और पंपलेट वितरण के माध्यम से संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और सकारात्मक सोच को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। इस अवसर पर औषधालय के कर्मचारी शिव प्रसाद बघेल योग शिक्षक, सविता, सीमा कावडे और जगदीश मरकाम ने अपनी सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और उन्होंने भी औषधीय पौधों के महत्व को समझने में गहरी रुचि दिखाई। यह आयोजन न केवल छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दिशा में भी प्रेरित किया।

## सामुदायिक भवन के लिए विधायक ने किया भूमिपूजन



**चारामा।** विश्वकर्मा लोहार समाज क्षेत्र लखनपुरी के तत्वाधान में आयोजित विश्वकर्मा पूजन समारोह का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन में विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने सम्मिलित होकर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीन कथाओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा ब्रह्मांड के पहले वास्तुकार एवं शिल्पकार हैं। उन्होंने देवताओं के अस्त्र-शस्त्र , रथों और नगरों का निर्माण किया, इसीलिए आज का दिन हमें पारंपरिक कारीगरों, इंजीनियरों और शिल्पकारों के कामों को सम्मान देने का अवसर है। विधायक ने समाज के लिए 6.50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन भी किया। कार्यक्रम में नरेन्द्र यादव पूर्व सदस्य गौ सेवा आयोग, चन्द्रकुमार कांगे, डेमल ठाकुर, राधा नाग उपसरपंच लखनपुरी, धनीराम विश्वकर्मा, रेखा विश्वकर्मा, तितराराम विश्वकर्मा, घसिया राम विश्वकर्मा, समाज के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## निरीक्षण कर सुघ्घर औषधि उद्यान की सीईओ व एडीओ ने की सराहना



**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर ने अपनी टीम सहित शासकीय आयुर्वेद औषधालय कोदापाखा द्वारा निर्मित हमर सुघ्घर औषधि उद्यान एवं ऑक्सीजन जोन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने औषधीय पौधों की विभिन्न प्रजातियों और उनके उपयोग पर विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

उद्यान में लगाए गए पौधों की विशेषताओं पर चर्चा करते हुए सीईओ बंजारे एवं एडीओ ठाकुर ने औषधालय द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास न केवल ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आयुर्वेद और प्राकृतिक उपचार पद्धति से जोड़ेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी अहम योगदान देगा। इस अवसर पर उद्यान प्रभारी डॉ. केव्ही गोपाल ने अधिकारियों को पौधों के औषधीय महत्व की जानकारी दी और बताया कि यह उद्यान स्थानीय लोगों एवं विद्यार्थियों के लिए एक जीवंत प्रशिक्षण केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने आगामी पौधारोपण कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी अधिकारियों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों में सोमनाथ नेताम सरपंच एवं कृपाराम बघेल पंचायत सचिव शामिल रहे। इसके अलावा पंचायत प्रतिनिधिगण, मितानिन और ग्रामीणजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने भी उद्यान के महत्व पर विचार व्यक्त किए और कहा कि यह पहल गाँव के लिए गौरव की बात है। सीईओ एवं एडीओ ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में इस औषधि उद्यान को और विकसित कर अधिक से अधिक औषधीय पौधों का रोपण किया जाएगा, जिससे आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा मिलेगा और आने वाली पीढ़ियों को स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक करने में मदद मिलेगी।

## प्राचार्य अवकाश नियमों को करें पालन : बीईओ



**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड भानुप्रतापपुर के खंड शिक्षा अधिकारी कोमरे ने शाउमावि तरांदुल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक ही दिन में 10 शिक्षक अवकाश पर पाए गए, जिस पर बीईओ ने गंभीर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य को अवकाश स्वीकृति में सतर्कता बरतने और अवकाश अधिनियम का गहन अध्ययन कर उसी के अनुरूप स्वीकृति देने की सलाह दी। बीईओ ने स्पष्ट कहा कि भविष्य में एक साथ बड़ी संख्या में शिक्षकों को अवकाश स्वीकृत करना शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के हित के प्रतिकूल है। अतः इस तरह की प्रवृत्ति को रोकना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शिक्षण कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। खंड शिक्षा अधिकारी ने जोर देकर कहा कि विद्यालय में पढ़ाई बाधित होना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। खंड शिक्षा अधिकारी ने चेतावनी दी कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही दोहराए जाने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।




